श्रीसोमनाथसंस्कृतविश्वविद्यालय-ई-ग्रन्थमाला-०६

**प्रमुखस्वामिमहाराज-जन्मशताब्दीमहोत्सवाङ्गीभूतः**

# श्रीप्रमुखस्वामिपद्यपुष्पाञ्जलिः


प्रेरणास्रोतः

**प. पू. महामहोपाध्यायः प्रो. (डॉ.) भद्रेशदासस्वामी**

आचार्यः, आर्षसंशोधनकेन्द्रम्, गान्धीनगरम्

अध्यक्षः, बी. ए. पी. एस. स्वामिनारायणशोधसंस्थानम्, नवदेहली

प्रधानसम्पादकः

**डॉ. ललितकुमारः पटेलः**

प्र. कुलपतिः, श्रीसोमनाथसंस्कृतयुनिवर्सिटी, वेरावलम्

कर्तारोऽनुवादकाश्च

**डॉ. नरेन्द्रकुमारः एल्. पण्ड्या**

**डॉ. अमृतलालः भोगायता**

**डॉ. पङ्कजकुमारः एस्. रावलः**

**श्री ऋषभः देरासरी**



**श्रीसोमनाथसंस्कृतयुनिवर्सिटी,**
वेरावलम्

**आर्षसंशोधनसंस्थानम्,**
गान्धीनगरम्

श्रीसोमनाथसंस्कृतविश्वविद्यालय-ई-ग्रन्थमाला-०६

**प्रमुखस्वामिमहाराज-जन्मशताब्दीमहोत्सवाङ्गीभूतः**

# श्रीप्रमुखस्वामिपद्यपुष्पाञ्जलिः


प्रेरणास्त्रोतः

**प. पू. महामहोपाध्यायः प्रो. (डॉ.)भद्रेशदासस्वामी**

आचार्यः, आर्षसंशोधनकेन्द्रम्, गान्धीनगरम्

अध्यक्षः, बी.ए.पी.एस.स्वामिनारायणशोधसंस्थानम्, नवदेहली

प्रधानसम्पादकः

**डॉ. ललितकुमारः पटेलः**

प्र.कुलपतिः, श्रीसोमनाथसंस्कृतयुनिवर्सिटी, वेरावलम्

कर्तारोऽनुवादकाश्च

**डॉ. नरेन्द्रकुमारः एल्. पण्ड्या**

**डॉ. अमृतलालः भोगायता**

**डॉ. पङ्कजकुमारः एस्. रावलः**

**श्री ऋषभः देरासरी**



श्रीसोमनाथसंस्कृतयुनिवर्सिटी,
वेरावलम्

आर्षसंशोधनसंस्थानम्,
गान्धीनगरम्

Shree Somnath Sanskrit University E-Grantha Series-06

*ON THE OCCASION OF PRAMUKASWAMI MAHARAJ CENTENNIAL CELEBRATIONS*

# ŚRĪPRAMUKHASVĀMIPADYAPUṢPĀÑJALIḤ


Patron

**P. P. Mahamahopadhyay Prof. (Dr.) Bhadreshdas Swami**

Professor, AARSH Research Centre, Gandhinagar

Head, BAPS Swaminarayan Research Institute, New Delhi

Chief Editor

**Dr. Lalitkumar Patel**

Vice-Chancellor (I/c.)

Shree Somnath Sanskrit University, Veraval

Authors & Translators

**Dr. Narendrakumar L. Pandya**

**Dr. Amrutlal Bhogayata**

**Dr. Pankajkumar S. Rawal**

**Shri Rushabh Derasari**



Shree Somnath Sanskrit University, Veraval

AARSH Research Institute, Gandhinagar

डॉ. ललितकुमार पटेल
कुलपतिः (प्रभारी)
श्रीसोमनाथसंस्कृतयुनिवर्सिटी
राष्ट्रियमूल्याङ्कनप्रत्यायनपरिषदा 'A+' श्रेण्या प्रत्यायिता
राजेन्द्रभुवनमार्गः, वेरावलम् - ३६२ २६६,
गीरसोमनाथ-जनपदम् (गुजरातम्) दू. : ०२८७६ [illegible]

Dr. Lalitkumar Patel
Vice-Chancellor (I/c)
Shree Somnath Sanskrit University
Accredited by NAAC with 'A+' Grade
Rajendra Bhuvan Road, VERAVAL-362 266, Dist. : Gir Somnath
Phone: [illegible] Fax: [illegible]
E-mail: [illegible] Website: [illegible]

श्रीसोसंयु/कुलपतिः/२३३/२०२२ दिनाङ्कः ३१-१२-२०२२

ॐ

सम्मानपत्रम्

**सनातनधर्मज्योतिः**

परमपूज्यानां श्रीप्रमुखस्वामिमहाराजानां जीवनं खलु वैदिकसनातनधर्ममयमासीत्।
आभारतम् आविश्वम् तत्समुदाये च तैः वैदिकसनातनधर्मस्य प्रचारः प्रसारश्च कृतः।
अक्षरधामसदृशानि महत्त्वाधिकानि भारतीयसंस्कृतिपरिचायकानि भारतीयस्थापत्यविभूषितानि
शिल्पशास्त्रानुरूपाणि वैदिकपरम्पराप्रख्यापकानि मन्दिराणि निर्मितानि।
सहस्राधिकाश्च युवानः वैदिकधर्मप्रबोधिते परमपुरुषार्थप्रापके संन्यासमार्गे दीक्षिताः,
स्वस्य समाजस्य च समुत्थाने संयोजिताः।

महामहोपाध्यायान् स्वामिभद्रेशदासान् प्रस्थानत्रयस्य स्वामिनारायणभाष्यस्य अभिनवभाष्यस्य रचनार्थं आदिश्य शास्त्रपरम्पराया अपि संरक्षणं संपोषणं संवर्धनं च कृतम्। नूतनमनेन प्रस्थानत्रयस्वामिनारायणभाष्येण परब्रह्मस्वामिनारायणप्रबोधितम् अक्षरपुरुषोत्तमदर्शनं वेदान्तदर्शनक्षेत्रे अद्वैत-विशिष्टाद्वैत-द्वैतादिदर्शनानामिव स्वीयं विशिष्टं स्थानं प्राप्य विलसति। वस्तुतः परमपूज्यैः प्रमुखस्वामिमहाराजैः स्वामिभद्रेशदासद्वारा भाष्यप्रणयनं विधाय जीवन्तो प्रस्थानत्रयभाष्यकाराचार्याः भारतीयदर्शनपरम्परायै समर्पिता इति दार्शनिकदृष्ट्या महत्तमं युगवर्तिनं कार्यमिति सर्वेषामस्माकं विदुषाम् एकस्वरेणोद्घोषः। अपि च श्रीप्रमुखस्वामिपूज्यचरणैः विशेषतः देशे विदेशेषु च संस्कृतपाठशालानां स्थापनं कृत्वा न्याय-व्याकरण-साहित्य-वेदान्तादिविषयेषु संस्कृतभाषाऽध्ययनाऽध्यापनस्य संस्कृतशास्त्राऽध्ययनाऽध्यापनस्य च परम्परायाः अतिमहनीयतया परिरक्षणं परिपोषणं परिवर्धनं च कृतम्। शिक्षणक्षेत्रे छात्रावासाः, शालाः, विद्यालयाः, महाविद्यालयाश्च विनिर्मिताः। साक्षरताऽभियानप्रकल्पेन ग्रामीणजनेषु शिक्षणाऽभिवर्धनकार्यक्रमाः योजिताः।

बालबालिकासत्सङ्गानि, युवकयुवतीसत्सङ्गानि, विविधाभिः प्रवृत्तिभिर्महिलोत्कर्षः, गृहसभा इत्याद्याः
आध्यात्मिकप्रकल्पा अपि समाजोत्थाने प्रवर्तिताः।
भूकम्पः, अतिवृष्टिः, अनावृष्टिः, त्सुनामीत्यादिप्राकृतिकापत्कालसमयेऽपि तेषां निष्कामसेवाकार्यैः विश्वे विशेषतः
भारतवर्षे महत् माहात्म्यं कृतमिति सर्वेषां प्रत्यक्षोऽनुभवः।
स्वास्थ्यक्षेत्रे नैके रुग्णालयाः विनिर्मिताः। नैके चलद्रुग्णालयाः, रक्तदानशिबिराः, निःशुल्कौषधिदानकेन्द्राणि,
नेत्रचिकित्साप्रकल्पाः, रक्तदानकेन्द्राणि चेत्यादीनि नैकानि समाजोपयोगिकार्याणि विहितानि।
वनवासिक्षेत्रेष्वपि स्वयमेव वारंवारं विचरणं कृत्वा सनातनधर्मः भारतीयसंस्काराश्च रक्षिताः।
एवंविधानि नानाविधानि आध्यात्मिकानि, शैक्षिकाणि, सामाजिकानि वैश्विकानि च कार्याणि परमपूज्यैः
श्रीप्रमुखस्वामिमहाराजैः निःस्वार्थसेवाभावनया विहितानीति सर्वमिदं सम्यक् पर्यालोच्य इमे महापुरुषाः युगविभूतयः
साधुशिरोमणयः मुनिवर्याः परमपूज्याः श्रीप्रमुखस्वामिमहाराजाः तेषामेव जन्मशताब्दमहोत्सवे सम्पूर्णभारतवर्षात्
समागतैः अस्माभिः पण्डितैः, तत्रापि विशेषतः सांख्ययोगादिविविधदर्शनपारङ्गतैः
न्यायव्याकरणवेदान्तादिविविधविद्याविशारदैः अद्वैतविशिष्टाद्वैतद्वैतादिविविधवेदान्तसम्प्रदायपरिनिष्ठितैः
वैदिकसनातनधर्ममर्मज्ञैः समाराधितसंस्कृतशास्त्रसारस्वतैः विविधसंस्कृतविद्यासंस्थानसंचालकैः पण्डितैः,
विविधविश्वविद्यालयपदस्थैः समागतैः कुलपतिभिश्च संभूय सर्वसंमत्या च

**सनातनधर्मज्योतिः**

इति सम्मानसुरभितेन भक्तिकुसुमाञ्जलिना समर्च्यन्ते।

(डॉ.ललितकुमारः पटेलः)
प्र.कुलपतिः

विक्रमाब्दः २०७९, शकाब्दः १९४४, पौषशुक्लनवमी, शनिवासरः,
प्रमुखस्वामिजन्मशताब्दमहोत्सवस्थलम्, कर्णावती, गुजरात, भारतम्

# वाक्पुष्पार्पणम्

॥ स्वामिनारायणो विजयतेतराम् ॥

**सत्यं वचो वच्मि न पक्षपातात् लोके बहून्यत्र मतानि भान्ति।**
**तथापि दोषो न विचारयन्तः सन्तो हि सन्तो विलसन्ति धैर्यात्॥**

इयं हि भारतभूमिः शस्त्रभूमिः, शास्त्रभूमिः, वीरभूमिः, ज्ञानभूमिः, विद्वद्भूमिः, राजभूमिः, त्यागभूमिः, विलासभूमिः, वैभवभूमिः किमुक्तेन बहुना, नूनं स्वर्गभूमिः एषा। स्वर्गे एक एव विद्वद्गण्यः बृहस्पतिः वर्तते, अस्यां तु भारतभूमौ बृहस्पतिसदृशाः अनेके विद्वांसो विलसन्ति इति व्यतिरेकवाक् अपि स्वभावोक्तिः एवास्ति। तत्र च स्वनामधन्याः प्रमुख इव सन्तचक्रचूडामणिस्वरूपाः परमपूज्याः श्रीप्रमुखस्वामिमहाराजाः राराज्यन्ते नैरन्तर्येणास्मिन् भूभागे। आजीवनं परोपकारपरायणास्ते अस्माकं हृदि पूज्यतमं स्थानमलङ्कृतवन्तः एवञ्च तेषां परोपकारकार्याणि न केवलं भारतम् अपि तु समग्रं विश्वं विस्मर्तुं न शक्यते।

अस्मिन् श्रीप्रमुखस्वामिमहाराजजन्मशताब्दीमहोत्सवान्तर्गतं भगवतः भुवनभवभयहरस्य हरस्य, भगवतः श्रीस्वामिनारायणस्य च कृपाप्रसादेन, श्रीप्रमुखस्वामिमहाराजानां अनुकम्पया, प. पू. महामहोपाध्यायभद्रेशस्वामिचरणानां श्रुतिप्रकाशस्वामि-महाशयानां च मार्गदर्शनेन श्रीसोमनाथसंस्कृतविश्वविद्यालयीय-विद्वद्भिः अभिनवकविभिश्च स्वभावकुसुमाञ्जलिभरितमिदं ग्रन्थरत्नं

**"श्रीप्रमुखस्वामिपद्यपुष्पाञ्जलिः"** प्रकाशतां गच्छतीति महदानन्दस्य विषयः। तेषां प्रमुखस्वामिमहाराजानां गुणगानेन, यशोगाथास्मरणेन, हृद्गतभावोद्घाटनेन च ग्रन्थरत्नमिदं महल्लाभायेति मदेकमधोनिर्दिष्टं भावपुष्पं श्रीप्रमुखस्वामिचरणारविन्देषु समर्प्य, तेषामाशीर्वचांसि सर्वेषु सद्भक्तगणेषु सर्वदा वर्षेदिति आशासे।

**येनाविश्वसमुद्रान्तं वेदधर्मप्रसारितः।**
**सनातनधर्मज्योतिःप्रमुखस्वामिने नमः॥**

भवदीयः
**डॉ. ललितकुमारः पटेलः**
प्र. कुलपतिः,
श्रीसोमनाथसंस्कृतयुनिवर्सिटी,
वेरावलम्

# प्रास्ताविकम्

भारतभूमिर्खलु नैकेषां सतां महात्मनां पुण्यमयी जन्मभूमिः। वैदिकसनातनधर्म-सुनिष्ठितानां परमात्मपरमभक्तिमतां ब्रह्मविद्या-विभूषितानाम् अनेकेषां पवित्राऽऽत्मनां पुण्याऽवतरणेन नूनम् अस्माकं वैदिकसनातनसंस्कृतेः परिरक्षणं परिपोषणं परिवर्धनं च सञ्जातमिति सर्वसाक्षिकम्। तस्यामेव सतां महापुरुषाणां परम्परायां परमपूज्या ब्रह्मस्वरूपाः श्रीप्रमुखस्वामिमहाराजा लोकेऽस्मिन् अवतीर्णा इत्यस्माकं परमं भाग्यम।

भगवतः श्रीस्वामिनारायणस्य भगवतः सोमनाथस्य च कृपाप्रसादेन गुरुहरिश्रीमहन्तस्वामिमहाराजानां निश्रायां वर्षेऽस्मिन् परमपूज्यानां श्रीप्रमुखस्वामिमहाराजानां जन्मशताब्दीमहोत्सवस्य पुण्यप्रसङ्गोऽयं संप्राप्त इति नूनं धन्यीकृता वयम्।

तदस्मिन् महोत्सवपर्वणि श्रीसोमनाथसंस्कृतविश्वविद्यालयः (वेरावलम्), केन्द्रीयसंस्कृतविश्वविद्यालयः (देहली), आर्षशोध-संस्थानम् (अक्षरधाम, गान्धीनगरम्) एवं बी.ए.पी.एस. स्वामिनारायणशोधसंस्थानम् (अक्षरधाम, देहली) इति संस्थानचतुष्टयस्य सहयोगेन **परब्रह्मस्वामिनारायणप्रबोधितस्य अक्षरपुरुषोत्तमदर्शनस्य दार्शनिकक्षेत्रे योगदानम्** इति विषये आन्तर्राष्ट्रिया विद्वतसङ्गोष्ठी समायोजिता। अस्मिन् प्रसङ्गे

श्रीसोमनाथसंस्कृतविश्वविद्यालयस्य कुलपतीनां श्रीललितभाई महोदयानाम् अन्येषां विविधविद्यापारङ्गतानां च विदुषां शुभसङ्कल्पेन समुत्साहेन च परमपूज्येभ्यः श्रीप्रमुखस्वामिमहाराजेभ्यः संस्कृतश्लोकाऽऽत्मको विशिष्टो भावाऽञ्जलिः समर्प्यत इति साधुश्रुतिप्रकाशदासश्चाऽहं चेत्युभौ महान्तं प्रमोदमनुभवावः।

माहात्म्यज्ञानसुनादो भक्तिभावसुकोमलो संस्कृतिमादरसुन्दरोऽ-ध्यात्मगुणरसाऽऽस्वादः छन्दोऽलङ्कारादिकाव्याऽङ्गवैविध्यसुरभितोऽयं भावाऽञ्जलिर्नूनं श्रीप्रमुखस्वामिमहाराजशताब्दपर्वणि समर्पितः सांस्कृतिकैतिह्यमहनीयतां प्राप्त इति मे मतिः।

अस्तु, प्रणम्य विरम्यते।

**महामहोपाध्यायः साधुर्भद्रेशदासः**<br>
अध्यक्षः,<br>
बी. ए. पी. एस. स्वामिनारायणशोधसंस्थानम्,<br>
अक्षरधाम, देहली

विक्रमाब्दः २०७९,<br>
मार्गशीर्षकृष्णद्वादशी, मङ्गलवासरः<br>
श्रीप्रमुखस्वामिशताब्दमहोत्सवस्थलम्,<br>
कर्णावती, गुजरातराज्यम्

# श्रीप्रमुखस्वामिपद्यपुष्पाञ्जलिः

**विद्यावदातहृदयं सदयं दयालुं शश्वत्प्रशान्तमनसं सुमनोहृदार्यम्।**
**औदार्यधैर्यगुणधुर्यमुदात्तमार्यं नारायणस्मृतिलसत्प्रमुखं नमामः ॥ १ ॥**

विद्या से जिनका हृदय निर्मल-शुद्ध हुआ है, जो सन्तों के सुखकारी सद्भाग्यस्वरूप है, जिनका मुख सदा परम प्रशान्त है, जो विद्वानों के मन को आकृष्ट करनेवाले परम आदरणीय है, ऐसे श्रीनारायणस्वरूप स्मरण से सुशोभित पू. प्रमुखस्वामी महाराज को हम प्रमाण करते हैं॥

**सन्तं प्रसन्नवदनं सदनं गुणानां शान्तं प्रपन्नजनतापहरं शरण्यम्।**
**दान्तं दयादिगुणधाम सतां वरेण्यं नारायणस्मृतिलसत्प्रमुखं नमामः ॥ २ ॥**

जिनका वदन प्रसन्न है, जो गुणों के भण्डार है, जो शान्त सन्त है और प्रपन्न-शरणागत भक्तजनों के सर्वविध तापों को दूर करते हैं, जो दान्त (इन्द्रियसंयमी) दयादि गुणों के धाम, सन्तों के वरणीय एवं सन्तों में श्रेष्ठ है, ऐसे श्रीनारायणस्वरूप स्मरण से सुशोभित पू. प्रमुखस्वामी महाराज को हम प्रणाम करते हैं॥

**चन्द्रस्य शैत्यमनघं विमलानवद्यं तेजो रवेश्च युगपद्धृदि धारयन्तम्।**
**भक्तेषु शश्वदखिलेषु च दीप्यमानं नारायणस्मृतिलसत्प्रमुखं नमामः ॥ ३ ॥**

चन्द्र की निर्मल निर्दोष शीतलता और सूर्य के तेज को एक साथ हृदय में धारण करनेवाले है एवं सर्व भक्तों के हृदयमें जो परम प्रकाशमान है ऐसे

श्रीनारायणस्वरूप स्मरण से सुशोभित पू. प्रमुखस्वामी महाराज को हम प्रमाण करते हैं ॥

**नारायणाङ्घ्रियुगलैकरतिं दधानं नारायणाङ्घ्रियुगलैकमतिं वहन्तम्।**
**नारायणाङ्घ्रियुगलैकगतिं श्रयन्तं नारायणस्मृतिलसत्प्रमुखं नमामः ॥ ४ ॥**

श्रीनारायण के चरणकमलयुगल में प्रेम रखनेवाले, श्रीनारायण के चरणकमलयुगल में मति स्थिर करनेवाले, श्रीनारायण के चरणकमलयुगल में आश्रय लेनेवाले श्रीनारायणस्वरूप स्मरण से सुशोभित पू. प्रमुखस्वामी महाराज को हम प्रमाण करते हैं ॥

**यज्ञं च पूरुषमहो क्रतुभिर्यजन्तं योगस्वरूपमचलं सरहस्यमैशम्।**
**सम्बोधयन्तमखिलान् हरिभक्तवर्यान् नारायणस्मृतिलसत्प्रमुखं नमामः ॥ ५ ॥**

यज्ञों से यज्ञनारायण प्रभु का यजन करनेवाले, रहस्यों के साथ ईश्वरीय योग का अचल स्वरूप सर्वश्रेष्ठ हरिभक्तों को सम्बोधित करनेवाले, श्रीनारायणस्वरूप स्मरण से सुशोभित पू. प्रमुखस्वामी महाराज को हम प्रमाण करते हैं ॥

**सेवां हरेश्च हरिभक्तिमतां विधाय यज्ञांश्च संस्कृतिपरान् भुवि संविधाय।**
**सत्संगमिष्टरतिदं प्रविधाय नित्त्यं नारायणस्मृतिलसत्प्रमुखं नमामः ॥ ६ ॥**

श्रीहरि एवं श्रीहरि के प्रिय सन्तो -भक्तों की सेवा करके, भूमण्डल पर संस्कृति के पोषक अनेक यज्ञ -महोत्सव करके, इष्टदेव भगवान् श्रीहरि के स्वरूप का दान करनेवाले सत्सङ्ग का नित्य आश्रय करके श्रीनारायण-

स्वरूप के स्मरण से सुशोभित पू. श्रीप्रमुखस्वामी महाराज को हम प्रमाण करते हैं ॥

**सद्धर्मभक्तिसहितं हितमादधानं लोकस्य चक्षुरिव सद्भुवि दर्शयन्तम् ।**
**श्रीमद्धरेश्चरणकञ्जयुगैकनिष्ठं नारायणस्मृतिलसत्प्रमुखं नमामः ॥ ७ ॥**

सद्धर्म और भक्तिसहित जगत् का हित करनेवाले एवं उसके द्वारा जगत् को दृष्टि की तरह सन्मार्ग का दर्शन करानेवाले, श्रीहरि के चरणकमलयुगल में एकमात्र निष्ठा रखनेवाले श्रीनारायणस्वरूप स्मरण से सुभोभित पू. प्रमुखस्वामी महाराज को हम प्रमाण करते हैं ॥

**इष्टार्यदेवगुरुपादसरोजयुग्मं नित्त्यं धरन्तममलं हृदि हृद्यशीलम् ।**
**भक्त्या कृतार्थमनघं भुवि विश्रुतं तं नारायणस्मृतिलसत्प्रमुखं नमामः ॥ ८ ॥**

इष्टदेव भगवान् श्रीहरि एवं सर्वश्रेष्ठ देवस्वरूप गुरुदेव के चरणकमलयुगल को अपने निर्मल हृदय में धारण करनेवाले, जिनका शील सर्वप्रिय है, भक्तिमार्ग के अनुष्ठान से कृतकृत्य, निष्पाप एवं समस्त भूमण्डल पर अपने सत्कार्यों से सुप्रसिद्ध, श्रीनारायणस्वरूप स्मरण से सुशोभित पू. प्रमुखस्वामी महाराज को हम प्रमाण करते हैं ॥

**श्रीस्वामिनारायणसम्प्रदाये सत्कार्यतो यस्य यशो विशालम् ।**
**भद्रंकरं तं श्रुतिसारनिष्ठं श्रीस्वामिनं सत्प्रमुखं नमामः ॥ ९ ॥**

श्रीस्वामिनारायणसम्प्रदाय में अपने सत्कार्यों से विशाल यश जिनको प्राप्त हुआ है, जो सर्वकल्याणकारी एवं श्रुति के साररूप सेवा-सत्संग-स्मरण आदि

में निष्ठा रखनेवाले हैं, ऐसे पू. प्रमुखस्वामी महाराज को हम प्रमाण करते हैं ॥

**कीर्त्या प्रसिद्धं प्रथितं पृथिव्यां गुणैर्यदीयैः विहितं हितं वै ।**
**लोकोत्तमं लोकगुरुं गुणाढ्यं श्रीस्वामिनं सत्प्रमुखं नमामः ॥ १० ॥**

जो सत्कीर्ति से समस्त भूमण्डल में प्रथित एवं प्रसिद्ध है एवं जि नके गुणों के द्वारा जगत् का परम हित सिद्ध हुआ है ऐसे लोकोत्तम, लोकगुरु, जो सद्गुणों से समृद्ध-सम्पन्न है ऐसे पू. श्रीप्रमुखस्वामी महाराज को हम प्रमाण करते हैं ॥

**स्वामिनं प्रमुखं वन्दे यस्य धामाक्षरं यशः ।**
**गायन्ति ज्ञानिनो नित्यं धरायामधरामृतम् ॥ ११ ॥**

पूज्य प्रमुखस्वामी को मैं वन्दन करता हूं, जिनका यश और धाम अक्षर (अक्षय) है और जिनका यश ज्ञानीजन अमृत के समान मधुर वचनों से नित्य गाते हैं ॥

**निःशब्दं वचनं वक्ति दर्शनं दर्शनं विना ।**
**अनुक्तः सर्वविच्चायं भाषाभूषेव संस्थिता ॥ १२ ॥**

जो निःशब्द रहते हुए भी उपदेश करते है, दर्शन के बिना भी जिनका दर्शन होता है (सर्व सामान्य को जिनका दर्शन होता है), अत्यल्प बोलने वाले किन्तु सब कुछ जानने वाले प्रमुखस्वामी महाराज भाषा के आभूषण के समान स्थित है ॥

**शक्तौ भक्तौ तथा व्यक्तौ समानो वाचि वैभवः ।**
**श्रोतृवक्तृप्रियस्तस्मात् प्रमुखः प्रमुखस्स्मृतः ॥ १३ ॥**

जो शक्ति में, भक्ति में और व्यक्तित्व में समान है (वचनानुसार कर्म करने वाले, स्वयं आचरण करने वाले है), जिनकी वाणी में वैभव है, जो श्रोताओं को और वक्ताओं को अत्यन्त प्रिय और प्रमुख है, इसी कारण से उनको प्रमुखस्वामी कहा जाता है ॥

**फलवानिक्षुदण्डोऽयं सपुष्पश्चन्दनस्तथा ।**
**सुष्ठुगन्धः सुवर्णोऽयं प्रमुखः स्वामिनां वरः ॥ १४ ॥**

सर्वविदित है कि गन्ने के दण्डे में फल नहीं होता, चन्दन के वृक्ष पर पुष्प नहीं होते, सुवर्ण में सुगन्ध नहीं होती किन्तु प्रमुखस्वामी महाराज फलवाले ईक्षुदण्ड के समान मधुर, सपुष्प चन्दन के वृक्ष के समान शीतल और सुगन्धित और सुगन्ध से परिपूर्ण सुवर्ण है इसी कारण से उनको प्रमुखस्वामी कहा जाता है ॥

**एकोऽयं बहुधा दृष्टः सर्वेषामादरं गतः ।**
**अस्य सर्वः समाजोऽयं समाजे प्रमुखः प्रियः ॥ १५ ॥**

प्रमुखस्वामी महाराज एक होते हुए भी लोगों के द्वारा अनेक प्रकार से देखे गये है। सभी के आदरपात्र रहे है। सभी समाज प्रमुखस्वामी के प्रिय है और समाज में प्रमुखस्वामी महाराज प्रिय है ॥

**दिवा सूर्यप्रकाशोऽत्र रात्रौ राजा च राजते।**
**रात्रिन्दिवं परं स्वामिन् प्रमुख त्वं प्रकाशसे॥ १६॥**

दिवस में सूर्य प्रकाशित होता है, रात्रि को राजा (चन्द्र) प्रकाशित होता है किन्तु हे प्रमुखस्वामी महाराज! आप तो रात-दिन प्रकाशित हो रहे है॥

**दिने दिनेशस्य तथा निशायां प्रवर्तते चन्द्रमसः प्रकाशः।**
**रात्रिन्दिवं यस्य तपः प्रतप्तं सोऽयं जगत्यां प्रमुखो विजेता॥ १७॥**

दिवस में सूर्य का प्रकाश और रात्रि में चन्द्र का प्रकाश होता है किन्तु जिनके तप का प्रकाश (प्रभाव) निरंतर रहता है वैसे प्रमुखस्वामी महाराज है॥

**उत्तुङ्गो हिमवान् भूभृत् तथागाधः पयोनिधिः।**
**गुणद्वयान्वितः स्वामिन् प्रशस्यः प्रमुखो मतः॥ १८॥**

हिमालय पर्वत सबसे ऊंचा है और सागर सबसे गहरा है। प्रमुखस्वामी महाराज में ये दो गुण, उच्चता और गहराई होने के कारण सबके प्रशंसापात्र है॥

**नैर्मल्ये निम्नगं नीरं तथोर्ध्वं याति श्यामलम्।**
**परां गतिं शुचित्वं च प्रमुखः पाति पावनः॥ १९॥**

गंगा का जल निर्मल होता है किन्तु जब ऊपर की और जाता है तब श्याम हो जाता है। प्रमुखस्वामी महाराज तो परमगति प्राप्त करके भी अत्यन्त पवित्र है और पवित्र कर रहे है॥

**कारुण्यनीरदः स्वामी तेजसां तपनोऽव्ययम्।**
**स्वभावशीतलो वायुर्वसन्तो हास्यवर्धनः॥ २०॥**

प्रमुखस्वामी महाराज करुणा में मेघ के समान है, तेजस्वी में सूर्य के समान है, स्वभाव से शीतल वायु के समान है और आनन्द देने में वसन्त ऋतु के **समान है॥**

**मधुरो रत्नवानब्धिः कोमलोत्तुङ्गवान्नगः।**
**निर्मदो यूथनाथस्त्वं स्वामिन् श्रीप्रमुख प्रिय! ॥ २१॥**

हे प्रमुखस्वामी महाराज! आप मधुर और रत्न से भरपूर सागर है। आप कोमल और उत्तुङ्ग पर्वत है। आप मदरहित गजपति के समान अग्रगण्य है और सभी के प्रिय है॥

**युग्मनेत्रस्सहस्राक्ष एकास्यश्चतुराननः।**
**द्विकरोऽयं चतुर्हस्तः स्वामी नः प्रमुखो बुधः॥ २२॥**

आप दो नेत्र वाले होते हुए भी सहस्रनेत्र (इन्द्र के समान) है, एक मुख वाले होते हुए भी चतुर्मुख (ब्रह्मा के समान है), दो हाथ वाले होते हुए भी चार हाथ वाले (विष्णु के समान) है और बुध (विद्वान्) होते हुए भी हमारे स्वामी है॥

**विराड्मूर्तिर्महत्स्वायं वामनो वामनेष्वपि।**
**गगनस्थः खगानाञ्च भूस्थानां संस्थितो भुवि॥ २३॥**

महान् लोगों में आप विराट प्रतिमा वाले है, वामन (दरिद्र) के मध्य आप उनके साथ उनके समान ही है (सभी के साथ प्रेम से मिलने वाले, अमीर गरीब का भेद न करने वाले है), आकाश में रहने वाले के लिये आप आकाश में स्थित है और भूमि पर रहने वाले के लिये आप भूमि पर स्थित है ॥

**शास्त्रे सिद्धिं समाधाय लोककल्याणकर्मभिः ।**
**स्वामी नारायणस्तुष्टः प्रमुखत्वं यतो गतः ॥ २४ ॥**

आपने शास्त्रों में सिद्धि प्राप्त करके, लोक के कल्याण के कार्य करके भगवान् स्वामी नारायण को प्रसन्न किया है, इसी कारण से आप प्रमुखता को प्राप्त किये है ॥

**प्रमुखस्वामिसंज्ञेयं संज्ञैर्ज्ञाताऽनुभूतितः ।**
**कलामादिमहामर्त्यै राष्ट्रभक्तैर्विवर्णिता ॥ २५ ॥**

आपका "प्रमुखस्वामी" ऐसी संज्ञा राष्ट्रभक्तों ने, कला साहित्य राजनीति आदि के जानकारों ने अनुभव की है और वर्णित की है (आपके स्वभाव से ही सबने आपको प्रमुखस्वामी स्वीकार किया है) ॥

**मन्दिरं नातिदूरं स्यात् कल्पनेयं पुरा कृता ।**
**सङ्कल्पः सिद्धिमापन्नो देशे देशे च मन्दिरैः ॥ २६ ॥**

"मंदिर बहुत दूर नहीं होना चाहिए" ऐसी कल्पना आपने पहसे की थी और उसके बाद उस कल्पना को संकल्प में परिवर्तित करके आपने देश विदेश में मंदिरों की स्थापना करवाई॥

**प्राङ्गणे च तथा ग्रामे नगरे कानने तथा।**
**मन्दिरं शिखरोपेतं कर्तव्यं च कृतं त्वया॥ २७॥**

आपने आंगन में, ग्राम में, नगर में, वनमें उच्च शिखरों से सम्पन्न मन्दिर करवाएँ और करवाने के संकल्प भी करवाएँ॥

**चिकित्सायां च सारल्यं स्वास्थ्यं स्वस्थं भवेद् यतः।**
**रुग्णालयाः कृताः सज्जाः सौविध्येन सुखावहाः॥ २८॥**

चिकित्सा में सरलता और सहजता हो, सभी का स्वास्थ्य सुखप्रद हो इस विचार से आपने समाज के कल्याण के लिये चिकित्सालयों का निर्माण किया॥

**समये समये वृक्षाः फलन्त्येवेति नो द्दढम्।**
**साधवः प्रमुखा एते नित्यानन्दफलप्रदाः॥ २९॥**

समय आने पर वृक्ष फल देने वाले बनते ही हैं उसी प्रकार आप प्रमुखस्वामी नित्य आनन्द रूपी फल देने वाले है॥

**दुःखं दैन्यं कृतं नैजं स्वीयं सौख्यं समर्पितम्।**
**स्वामिना प्रमुखेनैव कर्तुं शक्यं न चापरैः॥ ३०॥**

आपने दुःख को अपनाया और सुख का समर्पण किया, वर्तमान समय में यह तो केवल प्रमुखस्वामी ही कर सकते है, अन्य कोई नहीं॥

**क्वचित्सूत्रं यथा प्रोक्तं भाष्यवद्भाषितं क्वचित्।**
**क्वचिन्मौनं समाश्रित्य सूपदिष्टं जगत्त्वया॥ ३१॥**

कहीं पर आपने सूत्र के समान अल्प कथन किया, कहीं पर आपने भाष्य के समान विस्तृत वचन कहें, कहीं पर आपने मौन का आधार लिया, इस प्रकार आपने हर एक कार्य से (अल्प, विस्तृत या मौन से) उपदेश ही दिया है॥

**ध्रुवेणेव ध्रुवं नीतं बाल्यं निर्झरनिर्मलम्।**
**यौवनं कर्णवद्दाने वार्धक्यं भीष्मसम्मतम्॥ ३२॥**

आपने ध्रुव के समान उत्तम बाल्यावस्था बिताई, कर्ण के समान दानवीर के रूप में आपने युवावस्था बिताई और भीष्म के समान संकल्पसिद्धि से आपने वृद्धावस्था बिताई॥

**भारते भारते चैव महान्तः संस्थिता जनाः।**
**स्वामीश्रीप्रमुखः श्रेष्ठो गृह्यतां सन्निदर्शनम्॥ ३३॥**

भारत में और महाभारत में अनेक महान सज्जन हैं उन में प्रमुखस्वामी महाराज का भी नाम जोडना चाहिए॥

**स्थिते सूर्ये स्थिते चन्द्रे गुहायां संस्थितं तमः।**
**दीपस्यात्र यमः सार्थः तथा यत्नोऽमृतस्य मे॥ ३४॥**

जिस प्रकार सूर्य के होते हुए भी, चन्द्र के होते हुए भी, कन्दरा में स्थित दीपक का महत्त्व होता है उसी प्रकार मेरा (डॉ. अमृतलाल भोगायता का) यह प्रयत्न मानना चाहिए ॥

**परमपरमपूते वर्तने वर्तमानो**
**विविधविविधवैद्ये तत्त्वसत्त्वेषु सक्तः ।**
**विदितविदितविश्वे वेदनावन्द्यवृत्तो**
**जयतु जयतु पूज्यः स्वामिसंज्ञः प्रमुखः ॥ ३५ ॥**

परम पवित्र चरित्र वाले और उचित आचरण में स्थित, सत्त्व में, तत्त्व में रहने वाले, विद्वानों के वृन्द में सर्वविदित प्रमुखस्वामी महाराज की सर्वदा जय हो ॥

**क्षुधातृषापीडितपिण्डलोके व्याप्तेऽसुरे कौ व्यसनेऽतिकष्टे ।**
**अत्यन्तमन्तं विगते विचारे स्वामिन् कृतं तत्कृतमेव मन्ये ॥ ३६ ॥**

दुष्काल में भूख प्यास से पीडित लोगो के लिये, प्राकृतिक आपत्ति में समस्त समाज के लिये आपने जो सत्कार्य किया, समाज की सेवा की, उन कार्यों को हम बहुमान पूर्वक आदरभाव से मानते हैं ॥

**देशे विदेशे विविधोन्नतानां सन्मन्दिराणां विहिता प्रतिष्ठा ।**
**धर्मध्वजैर्गीयत एव कीर्तिरद्यापि नित्यं प्रमुखस्य तेऽत्र ॥ ३७ ॥**

आपने देश विदेश में उन्नत मंदिरों की स्थापना की और धर्म का ध्वज लहराया, जिसके कारण आज भी आपकी कीर्ति समाज में नित्य गाई जाती है ॥

**समाद्रितो राष्ट्रपतिप्रमुखैः कलापकल्पैर्नितरां नमस्यैः ।**
**औदार्यमेतस्य विलोक्य सर्वे स्वतः समायान्ति सुमं मिलिन्दाः ॥ ३८ ॥**

राष्ट्रपति श्री अब्दुल कलामजी आपका अत्यंत आदर करते थे, सही है की उत्तम पुष्प के प्रति भ्रमरों को स्वतः ही आकर्षण होता है उसी प्रकार उत्तम आचरण वाले लोगों का आकर्षण स्वयं राजा को भी होता है ॥

**आशीर्वचोभिर्भवतां कृपातो भाष्यं कृतं वेदविदां प्रमाणम् ।**
**स्वामी स भद्रेशयथार्थसंज्ञो विराजते शिष्यगणे कृतार्थः ॥ ३९ ॥**

आपके आशीर्वाद से, आपकी कृपा से स्वामी भद्रेश जी ने भाष्य लिखा जो वेदज्ञों के लिये प्रमाण स्वरूप है। इस भाष्य के कारण स्वामी भद्रेशजी शिष्यगणों के मध्य विराजित होते है यह भी आपकी कृपा का परिणाम है ॥

**नेत्रे न्यस्ता सुगतकरुणा दैन्यभावो दयायां**
**भक्तेर्भावो भगवति परे स्वामिनारायणाख्ये ।**
**सेवाधर्मः सदयहृदये रक्षितो जीवनान्तं**
**तस्मात् त्वं नो हृदयरमणो राजसे स्वामिमुख्यः ॥ ४० ॥**

आपके नेत्रों में बुद्ध की करुणा और दया है, आपकी निष्ठायुक्त भक्ति भगवान् स्वामी नारायण में है, आपके हृदय में सेवाधर्म है जिसका आपने आजीवन पालन किया है, इसी कारण से आप हमारे हृदय में प्रमुखस्वामी के नाम से सुशोभित होते है॥

**भव्यातिभव्यविभवान्वितभावभक्त्या**
**स्वामिन् त्वया गुणगणैः प्रभुतोपलब्धा।**
**तस्माद् वसन्ततिलकातिलकामृतेन**
**भोगायता लिखति कीर्तिकलाकलापम्॥ ४१॥**

भव्यातिभव्य दैवी वैभव से, भक्ति से आपने प्रमुखता को प्राप्त किया है, इसी कारण से वसन्ततिलका छन्द में भोगायता (डॉ.अमृतलाल भोगायता) ने आपकी कीर्ति लिखने का प्रयत्न किया है॥

**भद्रं कर्तुं भवस्यास्य स्वात्मन्येवात्मजोपमे।**
**भद्रेशे दर्शनं दिव्यं स्वामिन्यस्थापयन्निधिम्॥ ४२॥**

इस समाज का कल्याण करने के लिये आपने अपने पुत्र के समान स्वामी भद्रेश जी को जो दर्शन का ज्ञान दिया उसके फलस्वरूप॥

**भाष्यं भाष्यकृता भव्यम् अक्षरपुरुषोत्तमम्।**
**विहितं तद्धितं लोके राजते शिखरं यथा॥ ४३॥**

स्वामी भद्रेशजी ने अक्षरपुरुषोत्तम के नाम से भाष्य लिखा, वह भाष्य समस्त लोक मे प्रचलित हुआ, जैसे भवन के ऊपर शिखर शोभित होता है ॥

**दिने दिनेशस्य तथा निशायां प्रवर्तते चन्द्रमसः प्रकाशः ।**
**रात्रिन्दिवं यस्य तपः प्रतप्तं सोऽयं जगत्यां प्रमुखो विजेता ॥ ३९ ॥**

दिवस में सूर्य का प्रकाश और रात्रि में चन्द्र का प्रकाश होता है किन्तु जिनके तप का प्रकाश (प्रभाव) निरंतर रहता है वैसे प्रमुखस्वामी महाराज है ॥

**अमृतस्यामृतं काव्यं राजेव राजतां सदा ।**
**भद्रेशस्वामिकृद्भाष्यं प्रमुखप्रेरितं तथा ॥ ४४ ॥**

प्रमुखस्वामी महाराज द्वारा प्रेरित (उनकी प्रेरणा से उत्पन्न) अमृत का (डॉ. अमृतलाल भोगायता का) यह काव्य और स्वामी भद्रेश जी का भाष्य सर्वदा सुशोभित हो ॥

**धीरः प्रवीरः प्रसृतः सुपुत्रः शूरश्च राष्ट्रे परिनिष्ठितश्च ।**
**सदैव धर्माय यया प्रसूतः स्वामिन्नमस्ते प्रमुखाय तुभ्यम् ॥ ४५ ॥**

जो धीर है, प्रवीर है, प्रसृत इस धरातल के प्रख्यात सुपुत्र है, शूर है, राष्ट्रभक्ति में निष्ठा रखनेवाले है, धर्म के लिए ही जिन्होंने इनको जन्म दिया है, ऐसे पू. प्रमुखस्वामीजी को नमस्कार करते हैं ॥

**सन्तश्च वृक्षाः गिरयः समुद्राः नद्यश्च भक्ताश्च गुणान्वितास्ते।**
**तव प्रसादेन सदैव भान्ति स्वामिन्नमस्ते तव पादयुग्मम्॥ ४६॥**

सन्त, वृक्ष, पर्वत, समुद्र, नदी, भक्त ये सब गुणों से भरे हुए हैं, आप ही के कृपा प्रसाद से यह चराचर प्रकृति सुशोभित हो रही है, ऐसे पू. प्रमुखस्वामीजी को नमस्कार करते हैं॥

**दानेन योगेन जपेन भक्त्या त्यागेन मौनेन सुचिन्तनेन।**
**धर्मेण धैर्येण च यो विभाति स्वामिन्नमस्ते तव पादयुग्मम्॥ ४७॥**

दान से, योग से, जप से, भक्ति से, त्याग से, मौन से, शुभ चिन्तन से, धर्म से, धैर्य से जो सुशोभित हो रहे है, सदैव विलसित है, ऐसे पू. प्रमुखस्वामीजी को नमस्कार करते हैं॥

**भक्तान् समस्तान् सुपुष्टान् करोति धर्मेण मुग्धान् धवलीकरोति।**
**सम्बोध्यते स्वामी गुरोर्हि नाम्ना स्वामिन्नमस्ते तव पादयुग्मम्॥ ४८॥**

सब भक्तों को जो पुष्ट करते हैं, धर्म से जो सबको मुग्ध करके शुभ्र करते हैं, जिनको स्वामी और गुरु के नाम से संबोधन किया जाता है, ऐसे पू. प्रमुखस्वामीजी को हम नमस्कार करते हैं॥

**गिरिवरगणयुक्तं वेदसूक्तं प्रयुक्तं**
**निखिलसुखसुभुक्तं कर्मबन्धाद्विमुक्तम्।**
**प्रकृतिपुरुषयुक्तं भ्राजते धर्मकार्यं**
**प्रमुखगुणगणाढ्यं स्वामिनं नौमि नित्यम्॥ ४९॥**

पर्वतमालाओं से युक्त, वेदसूक्तों से प्रयुक्त, सर्वविध आध्यात्मिक सुखों से भुक्त, कर्मबन्धनों से मुक्त, प्रकृति-पुरुष के ज्ञान से युक्त, धर्मकार्यों से युक्त, सर्वविध प्रमुखगुणगणाढ्ययुक्त प्रमुखस्वामी महाराज को मैं नित्य नमन करता हूँ॥

**ऋषिकुलगुणगीतं शोभितं शास्त्रपुञ्जं**
**मुनिचयगुणनीतं गुम्फितं मौनपुष्पम्।**
**सकलजनसुनीतं पाठितं शिष्यवृन्दं**
**प्रमुखगुणगणाढ्यं स्वामिनं नौमि नित्यम्॥ ५०॥**

ऋषिकुल के गुणगीत से सुशोभित, शास्त्रसमुदाय से सुशोभित, मुनिसमुदाय के गुणों से युक्त, मौनपुष्प से सुशोभित, सब भक्तवृन्दों को साथ में लेकर चलनेवाले, अपने शिष्यवृन्दों को शिक्षा-दीक्षा का ज्ञान देनेवाले, सर्वविध प्रमुखगुणगणाढ्ययुक्त प्रमुखस्वामी महाराज को मैं नित्य नमन करता हूँ॥

**नवनवनवनीतं चोरितं यत् सचित्तं**
**नरवरवरगीतं गोपीगीतं सुपीतम्।**
**वनवनवनवृन्दं वृन्दमेतत् सुवृन्दं**
**प्रमुखगुणगणाढ्यं स्वामिनं नौमि नित्यम्॥ ५१॥**

प्रतिदिन नवनीत की चोरी करनेवाले कृष्ण ने जिस तरह से चित्त को भी चुरा लिया है, नरोत्तम के उत्तम गीत गोपीगीत का पान किया है, वन उपवन वृन्दावन के समुदाय को सुन्दरवन करनेवाले, ऐसे सत्संगियों के चित्त को

भक्तिगीत से पूरे वृन्द को अपनी ओर प्रमुख गुणगणों से आकृष्ट किया है, ऐसे सर्वविध प्रमुखगुणगणाढ्ययुक्त प्रमुखस्वामी महाराज को मैं नित्य नमन करता हूँ ॥

**खगनगरवगीतं वेणुना गुञ्जितं यत्**
**नदीकलकलनादे नादितं नन्दितं तत्।**
**अशनवसनवासैर्वासितं धर्मकार्यं**
**प्रमुखगुणगणाढ्यं स्वामिनं नौमि नित्यम् ॥ ५२ ॥**

पक्षियों को, पर्वतों को वेणुनाद के गुंजन से गुंजित करनेवाले, बहती नदियों का संगीत सुनानेवाले, प्रसाद, वस्त्र और मन्दिरों से जिन्होंने धर्मकार्य का व्याप बढाया है, ऐसे सर्वविध प्रमुखगुणगणाढ्ययुक्त प्रमुखस्वामी महाराज को मैं नित्य नमन करता हूँ ॥

**उक्तं सूक्तं मुनिवरवरं शास्त्रगीतं च गीतं**
**गीता गीता नटवरमुखात् सा च पीता सुपीता।**
**दत्तं भुक्तं मधुरमशनं सात्त्विकं भावपूर्णं**
**मुख्यं मुख्यं प्रमुखसकलं भक्तिकार्यं प्रसिद्धम् ॥ ५३ ॥**

जिन्होंने जो कुछ कहा वो सूक्त है, मुनिवरों ने जो शास्त्रगीत गाया वही अपने शब्दों में गाया, नटवर ने जो गीता गाई उसी का जिन्होंने पान किया, सात्त्विक भावपूर्ण प्रसाद जिन्होंने पहले दिया और फिर लिया ऐसे प्रमुखस्वामी महाराज के मुख्य मुख्य भक्तिकार्य प्रसिद्ध है ॥

**दृष्टं सौख्यं नयनकमले मन्दिरे मूर्तिरूपं**
**ज्ञातं सौख्यं श्रवणसुखदं मण्डपे शास्त्ररूपम्।**
**प्राप्तं सौख्यं करचरणयोस्तीर्थरूपं स्वरूपं**
**मुख्यं मुख्यं प्रमुखसकलं भक्तिकार्यं प्रसिद्धम्॥ ५४॥**

जिनके नयनकमलों में सदैव सुख देखा जाता था, जो साक्षात् मन्दिर और मूर्ति रूप थे, जिनको सुनना कर्ण का सुख था, मण्डपमें सामूहिक सभा ही जिनका शास्त्ररूप था, जिनके हस्तकमल और चरणकमल साक्षात् तीर्थों का स्वरूप था, ऐसे प्रमुखस्वामी महाराज के मुख्य मुख्य भक्तिकार्य प्रसिद्ध है॥

**वाक्कौशल्यं विलसति सदा वक्तृभिर्ज्ञायते यत्**
**भक्ताः शूराः समररसिकाश्चेतिहासे प्रसिद्धाः।**
**शास्त्रैर्मुक्तिः प्रथितयशसा भावयोगेन सिद्धाः**
**मुख्यं मुख्यं प्रमुखसकलं भक्तिकार्यं प्रसिद्धम्॥ ५५॥**

बोलने में मितभाषी होते हुए भी अच्छे अच्छे वक्ताओं के द्वारा भी जिनके वाक्कौशल्य की सराहना की जाती है, जिनके भक्त और शूरवीर धर्म के समरांगण में इतिहास लिखने में प्रसिद्ध है, शास्त्रों से मुक्ति यह प्रथित यश है, ऐसा जिन्होंने भावयोग से सिद्ध किया है, ऐसे प्रमुखस्वामी महाराज के मुख्य मुख्य भक्तिकार्य प्रसिद्ध है॥

**भुक्तं क्लिष्टं मधुररसदं मुक्तिदं तत्फलं वै**
**भुक्तं क्लिष्टं नवनवरसं गोरसं तत् सुभुक्तम्।**

**भुक्तं क्लिष्टं सरसरसकं पद्ययुक्तं प्रयुक्तं**
**मुख्यं मुख्यं प्रमुखसकलं भक्तिकार्यं प्रसिद्धम्॥ ५६॥**

जिन्होंने स्वयं कटुभोजन लेकर अन्य को मधुर फल दिये हैं,जिन्होंने कटु स्वाद चखकर नए नए रस अपने भक्तों को पीलाए है, जिन्होंने विष पीकर रस पिलाया है, ऐसे प्रमुखस्वामी महाराज के मुख्य मुख्य भक्तिकार्य प्रसिद्ध है॥

**देवेनैव विराजते नरसुखे श्रीविष्णुपादाम्बुजा**
**वेदेनैव विराजते भवसुखे श्रीशम्भुवक्राम्बुजः।**
**आर्यावर्तविराजते हि सततं श्रीभारतं संज्ञया**
**वन्दे देवसुखेन मण्डितमहो! श्रीस्वामिनं सर्वदा॥ ५७॥**

भगवान् नारायण के चरणकमल से निकली हुई गंगा देवताओं को और मनुष्यों को सुख देकर सुशोभित हो रही है, वेदों के द्वारा भगवान् शंकर के मुखकमल संसार में सुख देकर सुशोभित हो रहे है, जो सर्वदा आर्यावर्त और श्रीभारत एसी संज्ञा से सुशोभित हो रही है, ऐसे देवताओं के सुखों से मंडित श्रीप्रमुखस्वामी महाराज को मैं सदा वन्दन करता हूँ॥

**ब्रह्माविष्णुमहेशमण्डितमहो! लोकोऽस्ति मे भारतं**
**मत्स्यः कूर्मवराहवामनयुतः श्रीरामकृष्णौ हरिः**
**विश्वामित्रवसिष्ठकश्यपभरद्वाजात्रिवै गौतमो**
**वन्दे देवसुखेन मण्डितमहो! श्रीस्वामिनं सर्वदा॥ ५८॥**

ब्रह्मा, विष्णु, महेश से मंडित यह भारत लोक है, जहाँ मत्स्य, कूर्म, वराह, वामन, राम, कृष्ण आदि श्रीहरि के अवतार हुए हैं, विश्वामित्र, वसिष्ठ, कश्यप, भरद्वाज, अत्रि, गौतम आदि ऋषि जिस धरती पर पधारे हैं, उसी धरती को सुशोभित करनेवाले मैं प्रमुखस्वामी मराहाज को सदा वन्दन करता हूँ ॥

**माता सप्त पिता च पञ्च सहितं शास्त्राणि चक्षुर्नवं**
**नीरं नीरजमण्डिता हि वसुधा लोकैः सदा वन्द्यते ।**
**दाता दानपरायणैश्च कविभिर्श्रीस्वामिभिर्भ्राजते**
**वन्दे देवसुखेन मण्डितमहो! श्रीस्वामिनं सर्वदा ॥ ५९ ॥**

सात माता पाँच पिता सहित जो शास्त्र हमारे नेत्रकमल हैं, विविध नदियों के निर्मल जल से यह वसुधा लोगों के द्वारा सदा वन्दनीय है, जहाँ दाता दानपरायण है, कवि, भक्त एवं सत्संगियों से जो भारत की भूमि सुशोभित हो रही है, उसी भूमि को मंडित करनेवाले प्रमुखस्वामी महाराज को मैं वन्दन करता हूँ ॥

**दिव्यं वेदसुखेन मण्डितमहो! मे भारतं राजते**
**भव्यं भावसुखेन मण्डितमहो! मे भारतं राजते ।**
**रम्यं लोकसुखेन मण्डितमहो! मे भारतं भ्राजते**
**वन्दे देवसुखेन मण्डितमहो! श्रीस्वामिनं सर्वदा ॥ ६० ॥**

जो भारत की भूमि वेदों के आविर्भाव से मंडित है, जो भारत भूमि भव्य और दिव्य भावसुख से मंडित है, रमणीयता का सुख जहाँ

कण कण में बिराजमान है, ऐसी भारतभूमि के पवित्र धरातल पर अवतीर्ण प्रमुखस्वामी महाराज को मैं सर्वदा वन्दन करता हूँ॥

**नित्यं भद्रमुखेन पण्डितमयं यत्भूतलं मण्डितं**
**श्रद्धाभक्तिसमन्वितं यदि न चेत् शास्त्रं च तत् खण्डितम्।**
**यत्र ज्ञानविरागभक्तिसहितं शास्त्रं सदा स्वीकृतं**
**वन्दे देवसुखेन मण्डितमहो! श्रीस्वामिनं सर्वदा॥ ६१॥**

जहाँ पण्डितों के मुखकमल से नित्य कल्याण के मन्त्र मंडित हो रहे हैं, श्रद्धा भक्ति से युक्त यदि शास्त्र मंडित न हो तो वह खंडित है। जहाँ ज्ञान, वैराग्य, भक्ति सहित के शास्त्रों का सदा स्वीकार किया गया है, ऐसी परम पावन धरातल पर अवतीर्ण प्रमुखस्वामी महाराज को मैं सर्वदा वन्दन करता हूँ॥

**सूत्रं यत्र शिखायुतं सतिलकं सन्ध्यादिदेवार्चनं**
**पित्रोर्यत्र समर्चनं हृदि सदा श्रीरामकृष्णैः कृतम्।**
**देवः सन् मनुजो भवेत् भुवि मुहुः रन्तुं विहर्तुं मुदा**
**वन्दे देवसुखेन मण्डितमहो! श्रीस्वामिनं सर्वदा॥ ६२॥**

जहाँ यज्ञसूत्र (उपवीत) शिखा और तिलक से युक्त है, जहाँ सन्ध्या - वन्दन आदि देवार्चन नित्यकर्म है, जहाँ श्रीराम और श्रीकृष्ण ने भी माता-पिता का समर्चन हृदय से किया है, जहाँ देवताओं को भी मनुष्य शरीर धरकर विहार करने का मन करता है, ऐसी धन्य धरा पर अवतीर्ण प्रमुखस्वामी महाराज को मैं सर्वदा वन्दन करता हूँ॥

**श्रीरामो वचनं पितुश्च सफलं कर्तुं हि यातो वने**
**कृष्णः रक्षति यत्र भक्तिभरितान् भक्तान् च वृन्दावने।**
**कर्णेनापि निभाल्यते सहचरी चेन्द्राय दत्त्वाखिलं**
**वन्दे देवसुखेन मण्डितमहो! श्रीस्वामिनं सर्वदा॥ ६३॥**

जहाँ श्रीराम ने पिता के वचन की सफलता हेतु वनयात्रा की है, जहाँ श्रीकृष्ण ने भक्ति से भरे हुए भक्तों का वृन्दावन में रक्षण किया है, जहाँ कर्ण ने भी इन्द्र को अपना सब कुछ देकर मित्रता का पवित्र सम्बन्ध निभाया है, ऐसी पवित्र भारतभूमि पर अवतीर्ण प्रमुखस्वामी महाराज को मैं सर्वदा वन्दन करता हूँ॥

**रामो देवसुखाय भूतलधरो यातो वने भारते**
**कृष्णो देवसुखाय नन्दति कुले वृन्दावने भारते।**
**धन्यं तच्चवनं वनं मधुवनं यज्जीवनं जीवनं**
**वन्दे देवसुखेन मण्डितमहो! श्रीस्वामिनं सर्वदा॥ ६४॥**

जहाँ श्रीराम देवताओं के सुख के लिए भूतल पर आए और पिता के सुख के लिए वन में गए, जहाँ श्रीकृष्ण देवताओं के सुख के लिए भूतल पर आए और भक्तों के सुख के लिए वृन्दावन में गए, धन्य है यहाँ के वन, उपवन, वृन्दावन, मधुवन जो जीवन को जीवन्त बनाते है, ऐसी परमपावन भूमि पर अवतीर्ण प्रमुखस्वामी महाराज को मैं सर्वदा सादर वन्दन करता हूँ॥

**प्रसन्नेन मुखेनासौ प्रमुखेत्यभिधीयते।**
**प्रसन्ना यन्मुखं दृष्ट्वा जनास्तस्माच्च संस्थितिः॥ ६५॥**

जिनका मुख प्रसन्न होने के कारण प्रमुख कहा जाता है और जिनको देखने से लोग प्रसन्न हो जाते है॥

**भद्रं भद्रेश धीमन् ते त्वया भद्रमुखो हरिः।**
**प्रमुखस्सेवितस्साक्षात् दर्शनं दर्शनेन च॥ ६६॥**

भद्रेश स्वामीजी! आपका कल्याण हो, क्योंकि आपने प्रमुखस्वामी महाराज की साक्षात् सेवा की है और उनसे निर्मल दर्शन का ज्ञान प्राप्त किया है॥

**मार्गशीर्षे शुभे शुक्ले ह्यष्टम्यां प्रमुखो भुवम्।**
**समागमत् यथा व्यासो हरिसेवनकाङ्क्षया॥ ६७॥**

मार्गशीर्ष मास में शुक्लपक्ष में अष्टमी तिथि में जो व्यास की तरह हरि को सेवित करने की इच्छा से पृथ्वी पर अवतरित हुए है॥

**मासानां मार्गशीर्षेऽस्मिन्नुत्तमे भगवत्प्रिये।**
**अष्टम्यां च तिथौ देव्याः प्रियायां भक्तजन्मना॥ ६८॥**

मासों में उत्तम मार्गशीर्ष मास में अष्टमी तिथि में देवी (उनकी माता के द्वारा) उनका जन्म हुआ॥

**ननन्द प्रकृतिस्सर्वा ववर्ष कुसुमानि च।**
**हुतपूर्णोऽप्यथो वह्निर्दिदीपे प्रमुखागमात्॥ ६९॥**

प्रमुखस्वामीजी के आगमन से सब प्रकार से प्रकृति आनन्दित हुई, पुष्पों की वृष्टि हुई और हवन किया हुआ अग्नि भी सुशोभित हो गया॥

**पिता यस्य मौक्तिकोऽभूत् माता दीपावली तथा।**
**प्रामुख्यं तत्र निःशङ्कं सात्त्विकं जायते ध्रुवम्॥ ७०॥**

जिनकी माता दिवालीबहन और पिता मोतीभाई हो वहाँ प्रमुखत्व होना सामान्य और सात्त्विकतापूर्ण बात है॥

**ज्ञानं परं स्थापयितुं समस्ते लोके महात्मा स बभूव योगी।**
**किमुक्तिभिर्नूनमहं वदामि स एव साक्षात् हृदयङ्गमोऽभूत्॥७१॥**

जगत् में उत्तम ज्ञान फैलाने के लिए वह योगी उत्पन्न हुआ था और अन्य उक्तिओं के द्वारा क्या प्रयोजन? केवल प्रमुखस्वामीजी ही हृदयप्रदेश में रहते है॥

**महाजनः सर्वदिशाभिसारी तल्लक्षणं सिद्धमकारि तेन।**
**सर्वत्र धर्मार्थमहो भ्रमन् सः धर्मद्वितीयो भुवनेषु सिद्धः॥ ७२॥**

महान् लोग सभी दिशाओं में विचरण करनेवाले होते है, ये लक्षण जिन्होंने सिद्ध किया है वे धर्म के प्रचार के लिए भ्रमण करके द्वितीयधर्म के प्रतीक के रूप में अवतरित हुए॥

**किमुपमाभिरनन्वयवाक्यतः किमुत कारणकार्यनिदर्शनैः ।**
**प्रमुख एव सतां हृदयेष्वथ शुशुभ इत्यलमाभरणैः कृतैः ॥ ७३ ॥**

प्रमुखस्वामी महाराज ही सज्जनों के हृदय में सुशोभित हो रहे है, अब उनके लिए अन्य आभरणों से निदर्शनादि अलङ्कारों से क्या प्रयोजन? ॥

**यत्र यत्र गतः स्वामी प्रमुखस्तत्र तत्र हि ।**
**समाजोत्थापनं दिव्यं जागृतिश्चातिदूषणात् ॥ ७४ ॥**

जहां जहां प्रमुखस्वामी महाराज गएँ वहां वहां समाज के कल्याण के लिये, समाज को दूषणों से मुक्त करने के लिये कार्य किये हैं ॥

**स्वच्छताया महत्त्वं तु स्वयमाख्यातवान् शुभम् ।**
**प्रातःकाले समुत्थाय चकार शुद्धमाश्रमम् ॥ ७५ ॥**

प्रमुखस्वामी महाराज ने स्वयं स्वच्छता का महत्त्व बतलाते हुए एक बार प्रातःकाल में जागकर स्वयं ही आश्रम की स्वच्छता करने लगे थे, जिससे सेवकों को आश्चर्य हुआ था ॥

**स्वयं पालयते धर्मं ततोऽन्यमुपदिश्यति ।**
**एवमाचरणैर्दिव्यैः स प्रियोऽभूत् द्विजोत्तमः ॥ ७६ ॥**

स्वयं धर्म का पालन करके लोगों को धर्मपालन का उपदेश दिया है, इस तरह का आचरण करके वे सबसे प्रिय हितश्रेष्ठ हुए ॥

**शास्त्रमात्रसमुच्चारो न शास्त्ररहितं वचः।**
**एवमाभाषमाणस्य स्वभावः शास्त्रयुक् सदा॥ ७७॥**

शास्त्र का आचरण करते रहने के कारण जिनके मुखमें शास्त्ररहित वचन नहीं होते है, इस तरह का आचरण करने से प्रमुखस्वामीजी का शास्त्रयुक्त होना सिद्ध है॥

**नायं पन्थाः भयार्तानां द्वेषिणां लुण्ठिनां न च।**
**स्वामिनारायणः पन्थाः सज्जनानां न संशयः॥ ७८॥**

स्वामिनारायण पन्थ सन्यास के भयसे दुःखी, द्वेष करनेवाले और कपटी लोगों के लिए नहीं है, अपितु यह मार्ग सिर्फ साधु लोगों के लिए है, इसमें कोई संशय नहीं है॥

**तपस्तप्त्वा पादपास्तु पथि छायां ददत्यथ।**
**निन्दां सोढ्वा हि लोकेभ्यो धर्मच्छायाप्रदाश्च ये॥ ७९॥**

जैसे पेड़ धूप सहन करके मार्गमें छाया प्रदान करता है, वैसे ही निन्दादि को सहन करके जिन्होंने (प्रमुखस्वामी ने) लोगों को धर्मछाया प्रदान की है॥

**आलोड्य सर्वशास्त्राणि श्रुत्वा वाचः सतां मुहुः।**
**पथोऽयच्छन् हि लोकेभ्यः स्वामिनारायणाञ्च ते॥ ८०॥**

सभी शास्त्रों का अवगाहन करके सज्जन लोगों की वाणी को सुनकर उन्होंने सभी लोगों को स्वामिनारायण मार्ग का उपदेश दिया है॥

**मुकुटेषु हि मणयः सरस्सु कमलान्यथ।**
**शोभन्ते प्रमुखस्वामिचरणाः स्वामिनः पथि॥ ८१॥**

जैसे मुकुट के अन्दर हीरे और सरोवरो में कमल शोभित होते हैं, वैसे ही स्वामिनारायण पन्थ में पूज्य श्री प्रमुखस्वामिमहाराज शोभित हुए है॥

**प्रथमं शान्तिलालेति नाम्ना जन्माभवत् ततः।**
**द्विजत्वं दीक्षया प्राप्तं प्रमुखस्वामिभिस्तथा॥ ८२॥**

प्रथम जिनका जन्म **"शान्तिलाल पटेल"** के नाम से हुआ, फिर दीक्षा के कारण उनका प्रमुखस्वामि के रूप में दूसरा जन्म हुआ॥

**प्रकृष्टं विद्यते येषां मुखं शास्त्रगिरा मुदा।**
**बुधबोधितबोधत्वात् प्रमुखत्वं हि वर्तते॥ ८३॥**

शास्त्रवाणी नित्य मुख में रहने के कारण और उस वाणी से विद्वानों को भी बोध देने के कारण ही इनका प्रमुखत्व है॥

**स्वामिनारायणस्थानां स्थापकेभ्यः पथः सताम्।**
**शास्त्रिभ्यो दीक्षितत्वाच्च स्वामित्वं कीर्त्यते बुधैः॥ ८४॥**

सज्जनों के योग्य इस स्वामिनाराण पन्थ के संस्थापक पूज्य श्री शास्त्रीजी महाराज से दीक्षा प्राप्त करने के कारण इनको विद्वानों ने स्वामी की उपाधि प्रदान की है॥

**समुद्रान्तोऽस्ति भूभागः सन्ति राज्याणि मन्त्रिणः।**
**ज्ञानत्वात् गदितं सद्भिर्महाराजपदं भुवि॥ ८५॥**

ज्ञान के कारण ही समुद्रान्त तक का इनका भूभाग है। कई राज्य और सेवक रूपी मन्त्री लोग भी है, इसलिए इनको विद्वत्समाज महाराज करता है॥

**प्रमुखस्वामिनो नित्यं महाराजपदाह्वयान्।**
**नमामो भगवत्पादान् वयं ताल्लोकशङ्करान्॥ ८६॥**

अतः उन भगवत्पाद पूज्य प्रमुखस्वामिजी को हम नमस्कार करते हैं। जो महाराज शब्द से भी जाने जाते है और जिन्होंने लोगों का कल्याण किया है॥

**शान्तिमार्गप्रवृत्तानां लोककल्याणजन्मनाम्।**
**एकादशशतं धाम निर्मातॄणां पुनस्तथा॥ ८७॥**

शान्तिमार्ग में प्रवृत्त होने वाले, लोक कल्याण के लिए जन्म लेने वाले, ११०० मन्दिर बनवाने वाले और॥

**देशेषु च विदेशेषु धर्मस्य च सतः सदा।**
**कृतवतां प्रचारं च प्रसारं जनभूतये॥ ८८॥**

जिन्होंने लोगों के कल्याणके लिए सनातन धर्म का देश-विदेश में प्रचार किया है॥

**अक्षरधामतुल्यानि वैदिकानि च संस्कृतेः ।**
**निर्मातॄणां परिचयं ददन्ति मन्दिराणि च ॥ ८९ ॥**

जिन्होंने भारतीय संस्कृति का परिचय देनेवाले अक्षारधाम सदृश अनेक वैदिक मन्दिरों निर्माण किया है ॥

**निर्मापितवतां नूत्नं शास्त्ररक्षणकाङ्क्षिणाम् ।**
**प्रस्थानत्रयकं भाष्यं लोके ख्यातं बुधेषु च ॥ ९० ॥**

जिन्होंने लोक में विद्वत्समाज में प्रख्यात ऐसे नये प्रस्थानत्रय का भाष्य बनवाया है ॥

**संस्कृतं संस्कृतेश्चैव विदेशेषु हि भूरिशः ।**
**कृतप्रचारभाराणां पाठशालादिनिर्मिते ॥ ९१ ॥**

जिन्होंने विदेशों में पाठशाला, महाविद्यालयादि का निर्माण करके संस्कृत और संस्कृति के प्रचार का भार उठाया है ॥

**छात्रावासमहाविद्यालयशालाप्रवर्धनात् ।**
**संस्कृतिपोषकाणाञ्च शिक्षणस्तरपुष्टये ॥ ९२ ॥**

जिन्होंने शिक्षण स्तर को समृद्ध बनाने के लिए छात्रावास, महाविद्यालय, पाठशाला इत्यादि का निरन्तर वर्धन करके संस्कृति को समृद्ध किया है ॥

**अतिवृष्ट्यादिकोपानां शमने समये यथा ।**
**कृतसेवासहायानां गुर्जरे भारते पुनः ॥ ९३ ॥**

जिन्होंने गुजरात में और पूरे भारत में भी अतिवृष्ट्यादि प्राकृतिक आपत्तिओं के समय उनका उपशमन करने के लिए समय समय पर धनादि की सेवा प्रदान की है ॥

**स्वास्थ्यसंरक्षकैरुग्णालयौषधिविनिर्मितैः ।**
**रोगग्रस्तसहायानां लोकानां महतां पुनः ॥ ९४ ॥**

जिन्होंने स्वास्थ्य संरक्षक ऐसे रुग्णालय, औषधि इत्यादि साधनों का निर्माण करके रोगग्रस्त लोगों को सर्वदा सहायता प्रदान की हैं ॥

**सम्पूर्णजीवने स्वार्थाभावेन विहितानि च ।**
**समाजिकशैक्षिकाणि नानारूपाणि किं पुनः ॥ ९५ ॥**

जिन्होंने सम्पूर्ण जीवन में बिना स्वार्थ के अनेक सामाजिक शैक्षणिक कार्य किये हैं ॥

**आध्यात्मिकानि नित्यानि वैश्विकानि सुखानि च ।**
**समालोक्याथ कार्याणि लोकवन्द्यानि भूरिशः ॥ ९६ ॥**

जिन्होंने नित्य विश्व को सुख प्रदान करनेवाले लोक वन्द्य कई आध्यात्मिक कार्यों को किया है उन सबका अवलोकन करके- ॥

**तेषाञ्च प्रमुखस्वामिचरणानां शताब्दिके ।**
**महोत्सवे हि चरितं कीर्त्यते धवलं शुभम् ॥ ९७ ॥**

उन पूज्य श्री प्रमुखस्वामी महाराजजी के इस शताब्दी महोत्सव में उनके श्वेत स्वच्छ चरित्र का कीर्तन करते हैं॥

**चिक्रोडोऽपि स्थितः क्रोडे रामस्याद्भुतकर्मणः।**
**तथैवात्र कवीनां स्याद् यमोऽयं स्वामिवल्लभः॥ ९८॥**

जिस प्रकार गिलहरी अपने प्रयत्न से भगवान् राम की गोद में स्थान पायी थी उसी प्रकार हम कविओं का प्रयत्न समझ लेना चाहिए॥

**लिखन्तोऽपि वयं श्रान्ताः शान्तस्य गुणवर्णने।**
**केनाप्यब्धिः कृतो रिक्तः कराभ्यां मानुषैर्यमैः॥ ९९॥**

प्रमुखस्वामी महाराज के गुण वर्णन में लिखते हुए हम थक गए हैं। कभी सुना है कि किसी मनुष्य ने हाथों से सागर को खाली कर दिया?

**श्रीसोमनाथविश्वविद्यालयस्थैर्गुरुभिः पुनः।**
**प्रमुखस्वामिवर्येभ्यो नैकैर्भारतवासिभिः॥ १००॥**

**एतर्हि वेदवेदाङ्गमीमांसान्यायबोधिभिः।**
**धर्मज्योतिरुपाधिश्च नित्याख्येति प्रदीयते॥ १०१॥**

इस शताब्दी महोत्सव पर श्रीसोमनाथसंस्कृतविश्वविद्यालय के सभी गुरुजनों के द्वारा और सम्पूर्ण भारत में वेद, वेदाङ्ग, न्याय, मीमांसादि शास्त्रों का ज्ञान रखनेवाले विद्वानों के द्वारा प्रमुखस्वामिजी को **“सनातनधर्मज्योति”** की उपाधि दी जा रही है॥

एवं **श्रीसोमनाथसंस्कृतविश्वविद्यालयीयैः श्रीललितकुमार-पटेलाख्य-कुलपतिप्रमुखैः श्रीनरेन्द्रकुमार-पण्ड्याख्य-प्राचार्यैः श्रीपङ्कजकुमार-रावल-ऋषभ-देरासरीसंज्ञकाध्यापकवर्यैः ब्रह्मर्षिसंस्कृत-महाविद्यालय-प्राचार्य-अमृतलाल-भोगायतावर्येण च कृतः श्रीप्रमुखस्वामिपद्यपुष्पाञ्जलिः श्रीप्रमुखस्वामिचरणार्पणमस्तु ॥**



પ્રમુખસ્વામી મહારાજ
શતાબ્દી મહોત્સવ

**प्रकाशकौ**

**श्रीसोमनाथसंस्कृतयुनिवर्सिटी,**
वेरावलम्

**आर्षसंशोधनसंस्थानम्,**
गान्धीनगरम्

ISBN
9789383097548